
## अगर तुम मुझे खाओगे----




एक **छोटा- मोटा, गोल-मटोल आलू** था।

वह लुढ़कता- फुदकता- गुदकता
अपने घर जा रहा था।




रास्ते में मिल गया
उसे **'खाऊं'** बकरा।
**खाऊं** ने **आलू** को रोका और
कहा - मुझे बहुत भूख लगी है, मैं
तुम्हें खाने वाला हूँ। **खाऊं** ने **छोटे-मोटे,
गोल-मटोल आलू** को पकड़ लिया।


**आलू** चिल्लाया- रुको।
अगर तुम मुझे खाओगे,
तो खुद **आलू** बन जाओगे।




**खाऊं** ने ऊपर देखा -
हाय राम रे, ये मुझे क्या हुआ!
नाक मेरी **आलू** बन गई
हवा में मैं कैसे उड़ रहा।



फिर खाऊं ने पूछा-
अच्छा, अगर तुम्हें साँप
खा ले तो?




आलू हँसा -
साँप अगर मुझे खाएगा
तो खुद आलू बन जाएगा।




खाऊं ने ऊपर देखा- अरे, अरे - ये साँप को क्या हो गया?

खाऊं ने अब थोड़ा डरते हुए पूछा -
बोलो, अगर मेंढक तुम्हें खा गया तो क्या होगा?



आलू फिर हँस कर बोला -
मेंढक अगर मुझे खाएगा
तो खुद आलू बन जाएगा।

खाऊं ने ऊपर देखा - अरे बाप रे -
मेंढक कैसे फुदक रहा है?
आकाश में आलू के पेट
वाला मेंढक फुदकता
जा रहा था।



**खाऊ** इस अनोखे आलू से अब बहुत डर गया था। फिर भी उसने पूछा - **अगर हाथी तुम्हें खा जाए तो क्या होगा ?**

आलू आँखें नचा कर बोला - **हाथी अगर मुझे खाएगा**


तुम बताओ कैसा बन जाएगा।

और **चींटा अगर मुझे खाएगा**

तो कैसा बन जाएगा ?

और **शेर अगर मुझे खाएगा**


तो कैसा बन जाएगा ?









यह सब देख कर तो खाऊ बहुत ही डर गया था। उसने सोचा - अगर मैं और रुका तो मैं शायद आलू ही बन जाऊंगा।

वह मुड़ा और फटा-फट वहाँ से भाग लिया।


# चीकू और बाली




# कितने बचे....?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  तीन चिड़िया | — में से |  एक उड़ गई। |  कितनी बचीं? | 3<br>-1<br>2 |
|  पांच डिब्बों | — में से |  तीन निकालो। | कितने बचे? | 5<br>-3 |
|  चार पेन | — में से |  मटरू दो ले गया। | कितने बचे? | 4<br>- |
|  तालाब में 6 मछलियाँ थीं। मोहन ने 4 मछलियाँ पकड़ ली। कितनी बचीं? | | | | |
|  मदन के पास 3 पत्थर थे। उसने तीनों पानी में फेंक दिए। कितने बचे? | | | | |

# फुग्गे



रानू और मटरू मेला देखने गए।
वहाँ उन्होंने फुग्गे खरीदे।




रानू ने मटरू से कहा-
मेरे पास दस फुग्गे हैं।
तेरे पास तो सिर्फ पाँच
ही हैं।

दोनों के **मिलाकर** कितने फुग्गे
हुए?

+ ____

____




मटरू ने कहा - हमारे पास 15 फुग्गे हैं। राजू के पास तो 2 ही हैं।


तीनों के मिला कर कितने फुग्गे हुए?

$$\begin{array}{r} \\ +\underline{\quad\quad} \\ \underline{\quad\quad} \end{array}$$

रानू - शिब्बू तू भी हमारे साथ आ जा। हमारे पास खूब सारे फुग्गे हो जाएंगे।

कितने सारे हो जाएंगे?

$$\begin{array}{r} 17 \\ +\underline{\ \ 2} \\ \underline{\quad\quad} \end{array}$$



# इन्हें भी जोड़ो

$$\begin{array}{r} 3 \\ +\,2 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 4 \\ +\,1 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2 \\ +\,1 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 2 \\ +\,2 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 4 \\ +\,4 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 6 \\ +\,3 \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 7 \\ +\,2 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2 \\ +\,7 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2 \\ +\,3 \\ \hline \end{array}$$

